Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَبِالْحَقِّ اَنْزَلْنٰهُ وَبِالْحَقِّ نَزَلَ ؕ
وَمَآ اَرْسَلْنٰكَ اِلَّا مُبَشِّرًا وَّنَذِيْرًا

(सूरः बनी ईसराइल : 106)
अनुवाद : और हम ने सत्य के साथ इसे उतारा है और सच्ची आवश्यकता के साथ यह उतरा है। और हमने तुझे नहीं भेजा परंतु एक शुभ समचार देने वाला और एक सावधान करने वाले के रूप में।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष- 8
अंक-41

साप्ताहिक क़ादियान
बदर
Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

26 रबीउल अव्वल 1445 हिज्री कमरी, 12 ईखा 1402 हिज्री शम्सी, 12 अक्टूबर 2023 ई.

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

मज़लूम की बद्दुआ से बचो

दाईं ओर को प्राथमिकता

(2451) हज़रत सहल बिन साद साउदी रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को कोई पीने की चीज़ दी गई तो आप सल्ल-ल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उस में से पिया और आपके दाहिनी ओर एक लड़का और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के बाईं और वृद्ध लोग थे तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उस लड़के से पूछा : क्या तुम मुझे इजाज़त देते हो कि मैं यह उनको दे दूं? उस लड़के ने कहा : कि अल्लाह की क़सम! नहीं। हे रसूलुल्लाह! आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से जो हिस्सा मुझे मिला है वह तो मैं अपने आप को छोड़ कर किसी और को देने का नहीं। कहते थे : रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उस के हाथ में वह (पयाला) रख दिया।

उस व्यक्ति का गुनाह जो किसी ज़मीन से नाजायज़ तौर से कुछ ले

(2452) हज़रत सईद बिन ज़ैद रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा मैं ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से सुना आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम फ़रमाते थे जिस शख़्स ने किसी ज़मीन से नाजायज़ तौर पर कुछ ले लिया तो वह सात ज़मीनें बन कर उसके गले का तौक़ होगा।
(सही बुख़ारी, भाग 4, किताब अल् मज़ालिम, प्रकाशन 2008 कादियान)

★ ★ ★

अख़लाक़-ए-फाज़िला हासिल करो कि नेकियों की चाबी अख़लाक़ ही हैं
सब इज़्ज़तों से बढ़ कर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की इज़्ज़त है जिस का समस्त इस्लामी दुनिया पर प्रभाव है

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

आँहज़रत सल्लल्लाहोअलैहि वसल्लम की बुलंद शान

सब इज़्ज़तों से बढ़ कर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की इज़्ज़त है। जिसका समस्त इस्लामी दुनिया पर प्रभाव है। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ही की ग़ैरत ने फिर दुनिया को ज़िंदा किया। अरब जिन में व्यभिचार, शराब और जंगजूई के सिवा कुछ रहा ही नहीं था और हक़ूकुल ईबाद का ख़ून हो चुका था। हमदर्दी और भलाई समस्त इन्सानो का नामोनिशान तक मिट चुका था और न सिर्फ हुक़ूकुल-ईबाद ही तबाह हो चुके थे बल्कि हक़ूकुल्लाह पर इस से भी ज़्यादा अंधकार छा गया था। अल्लाह तआला की सिफ़ात पत्थरों, बूटियों और सितारों को दी गई थीं। भिन्न भिन्न प्रकार का शिर्क फैला हुआ था। विनीत इन्सान और इन्सान की शर्मगाहों तक की पूजा दुनिया में हो रही थी। ऐसी हालत-ए-मकरूह का नक़्शा अगर ज़रा देर के लिए एक सलीमुल फ़ितरत इन्सान के सामने आ जाए तो वह एक ख़तरनाक ज़ुल्मत और ज़ुलम और अत्याचार के भयानक और ख़ौफ़नाक नज़ारा को देखेगा। फ़ालिज (लकवा) एक तरफ़ गिरता है, परंतु यह फ़ालिज ऐसा फ़ालिज था कि दोनों तरफ़ गिरा था। फ़साद कामिल दुनिया में बरपा हो चुका था। पृथ्वी में अमन-ओ-सलामती नहीं थी और न समुद्र में सुकून और राहत। अब इस अंधकार और हलाकत के ज़माना में हम रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को देखते हैं। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने आकर कैसे कामिल तौर पर इस मीज़ान के दोनों पहलू दरुस्त फ़रमाए कि हुक़ूक़ अल्लाह और हुक़ूकुल ईबाद को अपने असली मर्कज़ पर क़ायम कर दिखाया। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की अख़लाक़ी ताक़त का कमाल उस वक़्त ज़हन में आ सकता है जबकि इस ज़माना की हालत पर निगाह की जाए। मुख़ालेफ़ों ने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के अनुयायियों को जिस क़दर तकालीफ़ पहुंचाई और इसके बिल्मुक़ाबिल आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने ऐसी हालत में जब कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को पूरा इक़तेदार और इख़तेयार हासिल था, उनसे जो कुछ सुलूक किया, वह आप सल्ल-ल्लाहो अलैहि व सल्लम की ऊंची शान को ज़ाहिर करता है।

अबु जहल और उसके दूसरे रफ़ीक़ों ने कौन सी तकलीफ़ थी जो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के जांनिसार खादिमों को नहीं दी। ग़रीब मुस्लमान औरतों को ऊंटों से बांध कर विपरीत सिमतों में दौड़ाया और वे चीरी जाती थीं। केवल इस गुनाह पर कि वह لَآ اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ की क्यों क़ायल हुईं। परंतु आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उसके मुक़ाबिल सब्रो बर्दा-श्त से काम लिया। और जबकि मक्का फ़तह हुआ, तो لَا تَثْرِيْبَ عَلَيْكُمُ الْيَوْمَ (यूसुफ़ : 93) कह कर माफ़ फ़रमाया। ये किस क़दर अख़लाक़ी कमाल है। जो किसी दूसरे नबी में नहीं पाया जाता। اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ وَّعَلٰى اٰلِ مُحَمَّدٍ

ग़रज़ बात यह है कि अख़लाक़-ए-फाज़िला हासिल करो कि नेकियों की चाबी अख़लाक़ ही हैं।
(मल्फ़ूज़ात, भाग प्रथम, पृष्ठ 484 प्रकाशन 2018 कादियान)

★ ★ ★

अफ़सोस मुस्लमानोंने यूरोपीयन अक़्वाम के मुक़ाबला पर बार-बार जिहाद के ऐलानात कर के इस्लाम के रोब को मिटा दिया
जिन ख़ैर-ख़्वाहों ने उनको इस किस्म की बातों से रोका उनको इस्लाम का दुश्मन क़रार दिया।
और यह न समझे कि जो क़ुरआन-ए-करीम की तालीम की तरफ़ बुलाते हैं वह इस्लाम के दुश्मन नहीं

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरत कहफ की आयत 24-25 وَلَا تَقُوْلَنَّ لِشَايْءٍ اِنِّيْ فَاعِلٌ ذٰلِكَ غَدًا ○ اِلَّآ اَنْ يَّشَآءَ اللّٰهُ وَاذْكُرْ رَّبَّكَ اِذَا نَسِيْتَ وَقُلْ عَسٰٓى اَنْ يَّهْدِيَنِ رَبِّيْ لِاَقْرَبَ مِنْ هٰذَا رَشَدًا ○ ك की तफ़सीर में फ़रमाते हैं

इस आयत में फिर उस क़ौम की तरक़्क़ी के ज़माना के मुताल्लिक़ एक ख़बर दी है और वह यह कि इस क़ौम के मुक़ाबला पर दावा न करना और यह न कहना कि बस हम कल उनको तबाह कर देंगे सिवाए इसके कि अल्लाह ताआला तुमको उनके मुताल्लिक़ कोई ख़बर दे अर्थात इलहाम से बताए कि उनसे अब अमुक सुलूक होने वाला है।

कुछ लोगों ने इस आयत के ये माने किए हैं कि हे मुहम्मद रसूलुल्लाह कोई बात बग़ैर اِنْ شَآءَ اللّٰهُ के न कहा करो और उस हुक्म के मुताल्लिक़ बाअज़ निहायत अफ़सोसनाक रिवायात नक़ल की हैं जिन में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का स्पष्ट अपमान है। हालाँकि आयत के शब्द साफ़ बता रहे हैं कि यहां इन शा अल्लाह कहने का कोई वर्णन नहीं।

पृष्ठ 9 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

ख़ुत्बः जुमअः

इस बात पर जमाअत जर्मनी को अल्लाह तआला का बहुत शुक्रगुज़ार होना चाहिए कि उस ने इस जलसे की वजह से इस्लाम की हक़ीक़ी तालीम को लोगों पर ज़ाहिर करने की तौफ़ीक़ दी

जमात अहमदिया जर्मनी का जलसा पिछले हफ़्ता सफली से आयोजित हुआ, अतः सबसे पहले तो हमें अल्लाह तआला का शुक्रगुज़ार होना चाहिए कि उसने हमें एक वक़फ़े के बाद

बड़े पैमाने पर आम हालात के मुताबिक़ जलसा आयोजित करने की तौफ़ीक़ अता फ़रमाई, इस पर सब इंतेज़ामिया को भी और जलसे में शामिल होने वालों को भी अल्लाह तआला का शुक्र अदा करना चाहिए

जहां-जहां मेहमानों को तकलीफ़ हुई है वहां जलसे की इंतेज़ामिया के आफ़िसरान भी ज़िम्मेदार हैं
और अमीर साहिब को इस बात को खासतौर पर नोट करना चाहिए, देखना चाहिए, क्योंकि यह उनकी ज़िम्मेदारी भी है

बाक़ी इंतेज़ामी मुआमलों में तो कमियां बर्दाश्त हो जाती हैं लेकिन जलसा सुनने के इंतेज़ामात में कोई कमी बर्दाश्त नहीं हो सकती

मैंने यही देखा है कि जहां अफ़्सर आजिज़ी से और मेहनत से काम करने वाला हों वे तमाम विभाग बेहतर होता है

हर ख़ादिम, हर नासिर और लजना की हर मैंबर का मैं शुक्रिया अदा करता हूँ कि उन्होंने अपनी तरफ़ से बहुत मेहनत की लेकिन आफ़िसरान को अपनी इस्लाह की तरफ़ तवज्जा देनी चाहिए

तरक़्क़ी करने वाली कौमें अपनी कमज़ोरियों पर नज़र रखें तो तभी सफल होती हैं

निसंदेह इस तक़रीब ने मुझे रुहानी तौर पर बहाल किया, समस्त तंज़ीमें, मर्द, औरतें यहां तक कि बच्चे भी मुनज़्ज़म थे

मुझे इन दिनों जमात अहमदिया के मुताल्लिक़ बहुत सी दिलचस्प चीज़ें सीखने को मिलीं उदाहरणतः रवादारी और दूसरों को बावजूद इख़तेला-फ़ात के क़बूल करना (डाक्टर वीरोनीका सतूली लोवा)

ख़लीफ़-ए-वक़्त के मुख़्तलिफ़ मौज़ूआत पर खिताबात ने मुझे प्रभावित किया, मक़दूनिया के एक पत्रकार होने की हैसियत से
मुझे जलसे पर बहुत से अहमदी मुस्लमानों से बात करने की तौफ़ीक़ मिली, जिन्होंने हमेशा मुस्कुराहट के साथ मुझसे बात की

मैं जलसे की सफ़ाई और तमाम तंज़ीम से बहुत प्रभावित हूँ, आपका माटो मुहब्बत सब के लिए नफ़रत किसी से नहीं वाक़ई तौर पर दिखाई दिया और इसी माटो से अमन हो सकता है (सीनादरा सीमोवों साहिब)

इस पूरे जलसे ने मेरे दिल पर एक गहरा प्रभाव डाला और विशेषता बैअत और नमाज़ के दौरान में अपने जज़बात पर क़ाबू नहीं पा सकी, पूरी बैअत की तक़रीब के दौरान रोती रही

इस लम्हे को मैं ज़िंदगी-भर नहीं भूलूँगी कि किस तरह समस्त अहमदी ख़लीफ़ा के हाथ पर एक जान हो कर बैअत में शामिल हुए (मार्टीना साहिबा अज़ सिलवाकिया)

जलसा में शामिल हो कर मुझे इस्लाम की तालीम, अल्लाह तआला और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के असल मुक़ाम का परिचय हासिल हुआ और यह भी पता लगा कि इस्लाम दरअसल एक अम्न पसंद मज़हब है (उंडरसका अज़ सिलवाकिया)

यहां जलसे में मैं ने इस्लाम देखा है, दूसरे मुस्लमानों से आपके पास वाज़िह फ़र्क़ ख़िलाफ़त है और उसकी वजह से आपके पास एकता भी है (प्रोफ़ैसर डाक्टर रजीप शकोरती साहिब)

मेरे ज़हन में एक अहम बात नक़्श कर गई है कि जमाअत अहमदिया के ख़लीफ़ा ने क़लमी जिहाद का विचार हमारे सामने रखा जिसकी मैं सौ फ़ीसद तसदीक़ करती हूँ (लिया साहिबा अज़ जॉर्जिया)

मैं ने ख़लीफ़ा के खिताबात को ग़ौर से सुना और इस नतीजा पर पहुंचा हूँ कि आप लोगों को काफ़िर कहना बिल्कुल ग़लत है, आप भी दूसरे फ़िर्क़ों की तरह इस्लाम का एक फ़िर्क़ा हैं (मिस्टर वैसल जॉर्जिया)

मेरे लिए जलसा सालाना इलम की दुनिया में एक ऐसा बाग़ है जो सहयोग और भाई चारे को फ़रोग़ देता है और इस के साथ ही यह एक ऐसा अवसर था जहां आपकी कम्यूनिटी के काम और

नियमित कोशिशों को दिखाया गया कि किस तरह जमात अहमदिया समाज को फ़ायदा पहुंचाने की ख़ातिर मंसूबे बना रही है और इक़दामात

कर रही है (ऊनी जशारी साहिब अज़ कोसोवो)

मैं ने जलसे को बहुत ग़ौर से सुना और लोगों को देखा और जमात अहमदिया के इन विशेषताओं का वर्णन करूँगा जो कि अब दीगर दीनी जमाअतों में ख़त्म हो रहे हैं और वह अहमदियों के आला अख़लाक़ हैं (आरज़ू करीम साहिब अज़ ताजिकस्तान)

जलसे के दूसरे ही दिन अहमदियत की सदाक़त मेरे दिल में घर कर गई, मैंने बैअत करने का इरादा कर लिया और अल्लाह तआला ने मुझे उसकी तौफ़ीक़ दी (मुहम्मद अली साहिब)

मेरे लिए बड़ी हैरानगी की बात है कि जलसा सालाना में मुख़्तलिफ़ रंगों के लोग सब ख़ुशी से मिले और आपस में सब एक फ़ैमिली के अफ़राद की तरह प्यार-ओ-मुहब्बत से मिले और तीन दिनों में मुझे किसी किस्म का कोई झगड़ा नज़र नहीं आया (दोवाला कैमरोन के इमाम)

इमाम जमात ने ऐसी तालीम पेश की कि हर मुस्लमान को अपने दीन पर गर्व करना चाहिए, हम सबको अमली तौर पर इस तालीम को पूरी दुनिया के सामने पेश करना चाहिए (दोवाला, कैमरोन के चीफ़ इमाम)

जमात अहमदिया जर्मनी को जलसा सालाना के हवाले से कुछ नसाएह, जलसे पर तशरीफ़ लाने वाले मेहमानों के तास्सुरात, तथा मीडीया कवरेज का वर्णन

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 08 सितंबर 2023 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

अल्लाह तआला का बेहद फ़ज़ल और एहसान है कि जमात अहमदिया जर्मनी का जलसा पिछले हफ़्ता सफलता से आयोजित हुआ। अतः सबसे पहले तो हमें अल्लाह तआला का शुक्रगुज़ार होना चाहिए कि उसने हमें एक वक़फ़ा के बाद बड़े पैमाने पर आम हालात के मुताबिक़ जलसा आयोजित करने की तौफ़ीक़ अता फ़रमाई।

इस पर सब इंतेज़ामिया को भी और जलसे में शामिल होने वालों को भी अल्लाह तआला का शुक्र अदा करना चाहिए।

कारकुनों को इस बात पर खासतौर पर अल्लाह तआला का शुक्रगुज़ार होना चाहिए कि उसने उन्हें हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मेहमानों की ख़िदमत की तौफ़ीक़ दी। इसी तरह शामिल होने वालों को भी इन कारकुनों का शुक्रगुज़ार होना चाहिए कि उन्होंने जलसे के दिनों में उनकी ख़िदमत की कोशिश की। इस बड़े इंतेज़ाम में और नई जगह में बहुत सी कमियां रह गई होंगी बल्कि रहें और कुछ लिहाज़ से कुछ मेहमानों को तकलीफ़ भी बर्दाश्त करनी पड़ी होगी और बाअज़ बातें जो मुझे पहुंची हैं, तकलीफ़ें हुईं भी, लेकिन क्योंकि दीनी उद्देश्य के लिए आए थे इसलिए उमूमन मेहमानों ने कोई शिकवे-शिकायत नहीं किया लेकिन मेरे पता करने पर मुझे पता चला है कि बाअज़ इंतेज़ामात सही नहीं थे। कुछ तो मैं ने ख़ुद महसूस किए। जहां तक कारकुनों का ताल्लुक़ है उन्होंने तो उमूमन बड़ी मेहनत से अपने फ़रायज़ अंजाम दिए। स्वयं सेवक हैं या दूसरे कारकुन हैं, जहां उनकी तरफ़ से कोई कमज़ोरियाँ ज़ाहिर हुईं या उस विभाग में कोई कमज़ोरी ज़ाहिर हुई तो वह उमूमन उनके आफ़िसरान की ग़लत हिदायात की वजह से हुई हैं। इसलिए जहां-जहां मेहमानों को तकलीफ़ हुई है वहां जलसे की इंतेज़ामिया के आफ़सरान भी ज़िम्मेदार हैं और अमीर साहिब को इस बात को खासतौर पर नोट करना चाहिए, देखना चाहिए, क्योंकि यह उनकी ज़िम्मेदारी भी है। उनको अस्तग़फ़ार करना चाहिए और आइन्दा के लिए अपनी कमियों को अपनी सुर्ख़ किताब में लिख कर इस्लाह की कोशिश करनी चाहिए। यह भी देखना चाहिए कि इस जगह पर आइन्दा वह बेहतर इंतेज़ाम कर भी सकते हैं कि नहीं या कहीं और इंतेज़ाम किया जाए।

उमूमी तौर पर कुछ मुश्किलात का कई दफ़ा सामना करना पड़ा जो ये हैं। किसी ने मुझे लिखा कि एस्केलेटर (escalator) ख़राब थे, ऊपर नीचे जाने में दिक्क़त पैदा हुई। लिफ़्ट काम नहीं कर रही थी, इस से दिक़्क़त पैदा हुई। रिहाइश तो दे दी लेकिन ग़ुस्ल-ख़ाने की बहुत कमी थी या पानी का इंतेज़ाम सही नहीं था। कार्ल्सरोए में जब उन्होंने जगह ली थी तो वहां शुरू में ये लोग मुझे लेकर गए थे और मैंने यह देखा था और वहां उन्हें तवज्जा दिलाई थी कि ग़ुसल ख़ानों और पानी का इंतेज़ाम भी सही होना चाहिए। इसी तरह आवाज़ को मैंने वहां मुख़्तलिफ़ जगहों पर खड़े होके चैक किया था और वे हाल छोटे भी थे लेकिन इस के बावजूद वहां कमी नज़र आ रही थी जिसको हल करने की कोशिश की गई और कुछ हद तक हल कर लिया गया लेकिन यहां इस बात को सही तरह से देखा नहीं गया। मुझे इस दफ़ा उस जगह की तफ़सील तो उन्होंने नहीं बताई थी, बस तारीफ़ी रिपोर्टस भिजवाते रहे कि यह बहुत अच्छी जगह है। इसी तरह बाअज़ दफ़ा आफ़सरान की ग़लत हिदायात की वजह से सैक्यो-रिटी वाले बिला-वजह कुछ रोकें डालते रहे। उमूमी तौर पर तो उन्होंने अच्छा काम किया है लेकिन बाअज़ जगह इन्फ़िरादी तौर पर ऐसी बातें हुईं और इसी वजह से लजना को शिकायत है कि वहां लजना की तरफ़ खाना पहुंचाने में भी दिक्क़त पैदा होती रही।

सैक्योरिटी वालों को भी याद रखना चाहिए कि उनका काम सिर्फ रोकना नहीं बल्कि राहनुमाई करना भी है और इस विभाग की एक ऐसी टीम होनी चाहिए जो मेहमानों को सहूलत से निर्धरित जगह पर पहुंचाए और उन के लिए सहूलयात मुहय्या करे।

इसी तरह ट्रांसलेशन के बारे में लजना की तरफ़ से पहले दिन दिक्क़त का सामना करने की रिपोर्ट मिली और ये मुझे लजना ने नहीं बताया बल्कि हमारे एम.टी.ए के ट्रांसलेशन के विभाग ने बताया है कि सही तरह ट्रांसलेशन नहीं होती रही। बाद में बाहर से आई हुई बाअज़ मेहमानों ने शिकवा किया कि ट्रांसलेशन न होने की वजह से हम ख़ुतबा नहीं सुन सके। आवाज़ का मसला मर्दाना हाल में खासतौर पर रहा और इस के लिए मैं जलसा के दौरान भी इंतेज़ामीया को तवज्जा दिलाता रहा हूँ। अफ़्सर जलसा सालाना और अफ़्सर जलसा गाह और आवाज़ के विभाग के इंचार्ज जो लोग हैं ये उस के ज़िम्मेदार हैं। लोग यहां जलसा सुनने आते हैं। अगर उनको उस के सुनाने का सही इंतेज़ाम नहीं तो फिर जलसे का फ़ायदा क्या है बाक़ी इंतेज़ामी मुआमलों मैं तो कमियां बर्दाश्त हो जाती हैं लेकिन जलसा सुनने के इंतेज़ामात में कोई कमी बर्दा-श्त नहीं हो सकती।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलसलो वस्सलाम ने फ़रमाया है कि यह कोई मेला नहीं है। (उद्धृत शहादतुल क़ुरआन, रोहनी ख़ज़ायन, भाग 6, भाग 395) जहां लोग जमा हो जाएं और न मेरा उद्देश्य लोगों को इस तरह इकट्ठा करना है कि लोगों को अपनी बरतरी बताऊं। लेकिन आवाज़ न आने की वजह से बाअज़ जगह पीछे मेले वाला हाल था। कुछ लोगों ने इस की वीडीयो बना ली, मैंने देखी हैं। कोई जलसे का माहौल नज़र नहीं आ रहा था। मेरे अंदाज़े के मुताबिक़ कम से कम सात आठ हज़ार अफ़राद ऐसे होंगे जिन्हों ने जलसा सही नहीं सुना। इंतेज़ामीया लोगों को इस का

ज़िम्मेदार क़रार देती है कि बातें कर रहे थे लेकिन मेरे नज़दीक अफ़्सर जलसा गाह और साऊँड सिस्टम वाले और तर्बीयत वाले इसके ज़िम्मेदार हैं और उनको इस बात पर ग़ौर करना चाहिए। मुझे तो यह हालत देखकर शर्म आई, उम्मीद है उनको शर्म आई होगी। अगर लोग बातें कर रहे थे तो फिर भी तर्बीयत की कमी है और मिशनरी इंचार्ज और मुरब्बियान इसके ज़िम्मेदार हैं कि वे क्यों सारा साल तर्बीयत नहीं करते औ रलोगों में मजालिस के तक़द्दुस का ख़्याल पैदा नहीं करते। लोगों पर इल्ज़ाम न दें।

अहमदी को तो अगर तवज्जा दिलाई जाए तो उमूमन मुसबत रद्देमल दिखाता है और ये लोग तो जलसा पर आए थे और यह हो नहीं सकता कि अगर तवज्जा दिलाई जाती तो फ़ौरन इस्लाह नहीं होती। बहरहाल अपने नुक़्स थे जिसके नतीजा में दूसरे नुक़्स पैदा हुए

मैंने यही देखा है कि जहां अफ़्सर आजिज़ी से और मेहनत से काम करने वाला हो वे समस्त विभाग बेहतर होता है अन्यथा अगर आम कारकुन अच्छा काम करना भी चाहे तो आफ़सरान की वजह से सही काम नहीं कर सकते। इसलिए मुझे कारकुनों से शिकवा नहीं है। हर ख़ादिम, हर नासिर और लजना की हर मैंबर का मैं शुक्रिया अदा करता हूँ कि उन्होंने अपनी तरफ़ से बहुत मेहनत की लेकिन आफ़सरान को अपनी इस्लाह की तरफ़ तवज्जा देनी चाहिए।

मैंने पहले भी वर्णन किया था कि इस दफ़ा औरतों में डिसिप्लिन मर्दों की निसबत कुछ बेहतर मुझे नज़र आया है जिससे ज़ाहिर होता है कि मर्दों के विभाग तर्बीयत को अपनी फ़िक्र करनी चाहिए।

तरक़्क़ी करने वाली कौमें अपनी कमज़ोरियों पर नज़र रखें तो तभी सफल होती हैं। "सब अच्छा है यह कह कर अपनी तरक़्क़ी के रास्ते बंद न करें और न इस में कोई शर्म की बात है। अल्लाह तआला विभाग के आफ़सरान को अपनी इस्लाह की तौफ़ीक़ दे

बहरहाल इन सब कमज़ोरियों के बावजूद अल्लाह तआला का यह हम पर एहसान है कि उसने हमारी पर्दापोशी फ़रमाई और यहां आए हुए ग़ैर अज़ जअमात मेहमानों ने उमूमन जलसे का बड़ा अच्छा असर लिया है और अगर जलसा मैंने कहा सफल हुआ तो इस वजह से हुआ कि अल्लाह तआला की पर्दापोशी ने बहुत ज़्यादा काम किया और इतने ग़ैरमामूली तास्सुरात उन लोगों ने दिए

इसी तरह दुनिया में जहां एम.टी.ए के ज़रीये से जलसा दिखाया गया था उन्होंने भी जलसे की उमूमी रंग में तारीफ़ की है। इस वक़्त मैं कुछ मेहमानों के तास्सुरात भी आपके सामने रखूँगा। बड़े अच्छे ख़्यालात का उमूमन इज़हार है। अतः इस बात पर जमाअत जर्मनी को अल्लाह तआला का बहुत शुक्रगुज़ार होना चाहिए कि उसने इस जलसे की वजह से इस्लाम की हक़ीक़ी तालीम को लोगों पर ज़ाहिर करने की तौफ़ीक़ दी।

बलग़ारिया से आने वाली ईसाई महिला डाक्टर वीरोनीका सतोई लोवा (Veronika Stoilova) जो वकील और यूनीवर्सिटी लेक्चरर हैं, पी. एच. डी डाक्टर हैं कहती हैं कि ऐसा बेहतरीन मुनज़्ज़म जलसा आयोजित किया गया। जो चेहरा भी मैंने देखा किसी पर घबराहट या ग़ुस्सा नहीं पाया। समस्त लोग बहुत मुख़लिस और हर तरह हर वक़त मदद करने को तैयार नज़र आते। हर शख़्स अपनी हालत पर शुक्रगुज़ार था। निसंदेह इस तक़रीब ने मुझे रुहानी तौर पर बहाल किया। समस्त तंज़ीमें, मर्द, औरतें यहां तक कि बच्चे भी मुनज़्ज़म थे। मुझे इन दिनों जमाअत अहमदिया के मुताल्लिक़ बहुत सी दिलचस्प चीज़ें सीखने को मिलीं उदाहरणतः रवादारी और दूसरों को बावजूद इख़तेलाफ़ात के क़बूल करना। मैं निसंदेह इस बात से बहुत प्रभावित हूँ कि बर्लिन की मस्जिद औरतों ने अपने ज़ेवरों और पैसों से बनाई। औरतों का इंतेज़ाम भी मुझे बहुत अच्छा लगा। मैं बहुत से दूसरे जलसों में जाती हूँ परंतु मैं यह कह सकती हूँ कि यह बात मैंने कहीं और नहीं देखी। ऐसी मिसाल बहुत कम कोई क़ायम कर सकेगा। फिर मेरी तक़ारीर के बारे में उन्होंने कहा कि रूहानियत, इन्सानियत और अमन के ख़्यालात ने मुझे बहुत प्रभावित किया। मेरा मानना है कि हम सबसे पहले इन्सान हैं, फिर मुल्क के शहरी और फिर मज़हबी बिरादरी का हिस्सा हैं। हमें अपने दरमयान मुशतर्का चीज़ों को तलाश करना चाहिए न कि इख़तेलाफ़ात को जो हमें अलग करें।

फिर बलग़ारिया से आने वाली एक ईसाई महिला नतालिया साहिबा पहली दफ़ा जलसे पर आईं। कहती हैं जलसा मेरे ज़हन में नक़्श रहेगा। मैंने पहली बार हज़ारों मुस्लमानों को एक साथ इबादत करते देखा। यह निहायत ख़ूबसूरत नज़ारा था। मैं ईसाई हूँ और इस तरह के जलसे में पहली बार शामिल हुई हूँ। समस्त लोग हमसे बहुत अदब और शाइस्तगी से पेश आते जिसने एक अजीब प्रसन्नता का एहसास दिया। जलसे का इख़तेतामी हिस्सा मुझे बहुत अच्छा लगा जिसमें ख़लीफ़-ए-वक़्त की तक़रीर बहुत सबक़ आमोज़ थी। जिस चीज़ ने मुझे सबसे ज़ियाद प्रभावित क्या वह यह थी कि सब लोग हमसे ऐसे अदब से पेश आते जैसे हम बहुत ख़ास हों। डियूटी पर मौजूद लोग इस बात को यक़ीनी बनाने की पूरी कोशिश कर रहे थे कि किसी मेहमान को कोई मुश्किल न हो। फिर ये कहती हैं पहले दिन हमें अनुवाद के लिहाज़ से थोड़ा मसला महसूस हुआ। शिकायत उन्होंने बड़े ढके छिपे शब्दोंमें की है लेकिन यही था कि ख़ुतबा सुन ही नहीं सके जो कि बाद में ठीक हो गया।

फिर मक़दूनिया के एक मेहमान हैं। एक ईसाई पत्रकार लजोबिनका आजतोंव-सक़ा (Ljubinka Ajtovska) साहिबा कहती हैं कि जलसा सालाना की तंज़ीम बहुत आला सतह पर थी। यह मेरे लिए एक ख़ास सम्मान है कि मैं एक इतने बड़े और मुनज़्ज़म प्रोग्राम का हिस्सा बन सकी जिसमें मुख़्तलिफ़ मज़ाहिब और क़ौमों के लोगों ने शिरकत की। यह बात इस नारे की तसदीक़ है कि सिर्फ मुहब्बत ही दुनिया को एक बेहतर जगह बना सकती है।

फिर मक़दूनिया से ही एक मुस्लमान पत्रकार सीनाद रसीमोव (Senad Rasimov) कहते हैं कि ख़लीफ़-ए-वक़्त के मुख़्तलिफ़ मौज़ूआत पर ख़ुताबात ने मुझे प्रभवित किया। कहते हैं मक़दूनिया के एक पत्रकार होने की हैसियत से मुझे जलसे पर बहुत से अहमदी मुस्लमानों से बात करने की तौफ़ीक़ मिली जिन्हों ने हमेशा मुस्कुराहट के साथ मुझसे बात की। मैं जलसे की सफ़ाई और समस्त व्यव-स्था से बहुत प्रभावित हूँ। आपका माटो मुहब्बत सब के लिए नफ़रत किसी से नहीं वाक़ई तौर पर दिखाई दिया और इसी माटो से अमन हो सकता है। सिर्फ डयूटी वाले नहीं बल्कि लोगों के व्यवहार ने भी मेहमानों को बहुत प्रभवित किया।

सलवाकिया से आने वाली एक महिला टीचर मार्टीना साहिबा कहती हैं मैं शुक्र-गुज़ार हूँ कि पहली मर्तबा जलसे में शामिल हुई हूँ। मैंने मेहमान-नवाज़ी का ऐसा मंज़र देखा है जो ग़ालिबन पूरी दुनिया में नहीं पाया जाता। हर एक ख़ुशअख़लाक़ी और एक मुस्कुराते हुए चेहरे से मिलता था। इस पूरे जलसे ने मेरे दिल पर एक गहरा असर डाला और खासतौर पर बैअत और नमाज़ के दौरान मैं अपने जज़बात पर क़ाबू नहीं पा सकी। बैअत की पूरी तक़रीब के दौरान रोती रही। इस लम्हे को मैं ज़िंदगी-भर नहीं भूलूँगी कि किस तरह समस्त अहमदी ख़लीफ़ा के हाथ पर एक जान हो कर बैअत में शामिल हुए। इसी तरह मैं अहमदियों के ख़लीफ़ा से मुलाक़ात को कभी नहीं भूलूँगी और एक दिन बाद भी मुलाक़ात का मेरे दिल पर असर है। कहती हैं कि मैं ज़रूर उनसे एक और मर्तबा मिलना चाहती हूँ (अर्थात) ख़लीफ़ वक़्त से और इस्लाम के बारे में बराह-ए-रास्त मालूमात हासिल करना चाहती हूँ। यह मुस्लमान नहीं लेकिन इन पर असर हुआ।

सलवाकिया से आने वाले एक मेहमान उंडरसका (Ondriska) साहिब, बिज़नस मैन हैं। कहते हैं जलसा सालाना से पूर्व मुझे इस्लाम के बारे में कुछ नहीं पता था। मेरी हालत यहां तक थी कि मुझे लगता था कि मुस्लमान मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को अपना ख़ुदा मानते हैं, नऊज़ूबिल्लाह (हम इससे ख़ुदा की शरण चाहते हैं)। जलसा में शामिल हो कर मुझे इस्लाम की तालीम, अल्लाह तआला और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के असल मुक़ाम का परिचय हासिल हुआ और यह भी पता लगा कि इस्लाम दरअसल एक अम्न पसंद मज़हब है और यहां पर खासतौर पर मीडीया इस्लाम के बारे में ग़लत तास्सुर पेश करता है। मेरे लिए हैरानगी है कि यह पूरा जलसे का इंतेज़ाम अहमदी ख़ुद करते हैं और कितनी लगन और कितने जोश और जज़बे के साथ मेहमानों की ख़िदमत करते हैं। कहते हैं जब मैंने ख़लीफ़-ए-वक़्त को देखा तो मेरे दिल में अमन और रूह पर मुसबत प्रभाव पड़ा। कहते हैं मेरा पुख़्ता ईमान है कि ख़ुदा तआला ने ही मुझे इस जलसे में शामिल किया।

फिर सलवाकिया से आने वाले एक मेहमान जूओदर मार्टिन (Judr Martin) साहिब (मुख़्तलिफ़ ममालिक से काफ़ी बड़े बड़े ग्रुप आए थे) कहते हैं मैंने पहली मर्तबा जलसा सालाना में शिरकत की है। मुझे अहमदियों के अख़लाक़ और मेहमान--नवाज़ी देखकर बड़ी ख़ुशी महसूस हुई है। जलसा सालाना पर मुझे बहुत बातें सीखने को मिलीं। मुस्लमान और खासतौर पर अहमदी अम्न पसंद और अपनी तालीम पर अमल करने वाले हैं। जमाअत ने जो exhibition तैयार की थी वह पसंद आई और मुझे इस्लाम और इसकी ख़ूबसूरत तालीम के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला। अहमदियों के ख़लीफ़ा के बारे में मैंने देखा कि हर अहमदी उनसे बड़ा प्यार करता है और वह भी। ऐसा भाई चारा और प्यार दुनिया में कम-नज़र आता है।

exhibition में सर्बिया और बोसनिया का जो नक़्शा बनाया गया था, उसके बारे में मेरा ख़्याल है ग़ालिबन सरबेन को शिकवा भी है कि हमारा नक़्शा सही नहीं बना।

वहां नुमाइश वालों को वह देख लेना चाहिए।

अल्बानिया के एक मेहमान प्रोफ़ैसर डाक्टर रजीप शकूरती (Rexhep Shkurti) साहिब जो फैकल्टी आफ़ नेचुरल साईंसिज़ तराना यूनीवर्सिटी (Tirana University) में प्रोफ़ैसर हैं अपनी अहलिया के साथ आए थे। कहते हैं जलसा बहुत अज़ीमुश्शान था। ये मुस्लमान हैं। कहते हैं मैं दस साल से रोज़ा रखता हूँ और इस्लाम के दूसरे अहकाम की भी तामील करता हूँ अगरचे सारे नहीं

यहां जलसे में मैं ने इस्लाम देखा है। दूसरे मुस्लमानों से आपके पास वाज़िह फ़र्क़ ख़िलाफ़त है और इस की वजह से आपके पास इत्तिहाद है।

अल्बानिया से एक मेहमान महिला अर मेरा (Ermira) साहिबा थीं जो नर्स हैं। कहती हैं इस से पहले भी जलसे पर आई थी इस बार इसी रुहानी तड़प की वजह से दुबारा जलसे पर आई हूँ। (ग़ैर भी हूँ तो एक दफ़ा आ गए तो फिर आदत पड़ जाती है) कहती हैं इस बार पहली दफ़ा मैंने नमाज़ पढ़ी है। उनकी कोई सहेली थी वह नमाज़ पढ़ती थी कहती हैं उस को देख देखकर मैं पढ़ती जाती थी। कहती हैं पहली बार मेरी रूह का हर ज़र्रा गोया हरकत में आया। सज्दे में रो-रो कर दुआएं कर रही थी और ऐसा लग रहा था कि मेरी सारी नफ़रतें पिघलती जा रही थीं। मैं दुआ करती हूँ कि अल्लाह तआला मुझे अपने ईमान पर मज़बूती अता करे और फिर मेरे से मुलाक़ात की इस का भी कहती हैं मैं बड़ी याद रखूँगी।

अतः जलसे के माहौल का असर ग़ैर भी लेते हैं। यह किस तरह हो सकता है कि अहमदी न लें? अतः जहां ओहदेदारों को अहमदियों से शिकवा होता है उनको चाहिए कि इस्लाह के सही तरीक़े इख़तेयार करें। पहले अपनी इस्लाह, अपना नमूना। फिर लोगों को समझाएँ।

अल्बानिया से आने वाली एक मेहमान महिला दरीते शुक्रती (Drite Shkurti) साहिबा हाईस्कूल की टीचर हैं। कहती हैं जलसे के इंतेज़ामात निहायत आला थे। मैं स्कूल में टीचर हूँ और जानती हूँ कि आजकल के बच्चे कितने aggressive होते हैं लेकिन यहां पर बच्चे भी इतने सुलझे हुए थे कि अपनी डयूटियों में मगन थे। (अतफ़ाल ने, बच्चों ने भी नेक नमूने दिखा के तब्लीग़ के रास्ते खोले कहती हैं मेरे लिए बहुत हैरानकुन था। छानबी मुझे जलसे के दौरान आम खाने के हाल की तरफ़ ले गया जो बाज़ार से पहले था । वहां पर भी मैंने देखा कि हज़ारों मर्द खाना खा रहे थे लेकिन कोई झगड़ा, छीना-झपटी इत्याद बिल्कुल नहीं देखी। ऐसा लगता था कि जैसे सब शहद की मक्खियां हैं जो सिर्फ काम करना जानती हैं। लोग हर काम के लिए तैयार थे और अख़लाक़ इतने आला कि थोड़ा सा भी धक्का लगता तो फ़ौरन सोरी (sorry) कहते।

अल्बानिया से आने वाले एक मेहमान जाफ़र कूची (Xhaferr Kuci) साहिब ने इकनॉमिक्स में मास्टर्ज़ किया है और चार साल की तहक़ीक़ के बाद उन्होंने बैअत भी कर ली है। कहते हैं कि जलसा उन के लिए बेहद inspiring था। बहुत positive energy दे गया है। जलसा गाह में ख़लीफ़-ए-वक़्त के साथ नमाज़ों में मुझे अपने आँसूओं पर इख़तेयार नहीं रहा और इस तरह बैअत की तक़रीब भी निहायत जज़बाती थी और मुझे हमेशा ख़लीफ़-ए-वक़्त के साथ बैठ के तहफ़्फ़ुज़ का एहसास हुआ और मुझे यही एहसास हुआ कि ख़लीफ़-ए-वक़्त ही है जो मेरे प्रिय और मुता है। कहते हैं इसके अतिरिक्त एक बात जो मुझे अच्छी नहीं लगी, वह लोगों से ताल्लुक़ रखती है। इस को भी लोगों को नोट कर लेना चाहिए। वह यह है कि जलसे में कई बार बाअज़ लोग तक़रीर के इख़तेताम से क़बल ही उठकर चले जाते थे। अतः हमें इस बात की भी फ़िक्र करनी चाहिए कि नौ मुबाईन पर मनफ़ी असर छोड़ें।

बोसेनिया से आने वाले तारीख़ के एक प्रोफ़ैसर हारिस साहिब कहते हैं। जलसा पर आने से क़बल मुझे मालूम हुआ कि वहां हज़ारों लोग होंगे और ख़लीफ़ा भी हमसे ख़िताब करेंगे। मैं कुछ ख़ौफ़ज़दा था और किसी क़दर तहफ़्फ़ुज़ात भी रखता था। हर चीज़ के बारे में शकूक-ओ-शुबहात का शिकार था। क्योंकि अहमदियों के बारे में इस क़दर वसीअ जलसा और उनके मज़हबी रसूमात के बारे में मुझे तफ़सील से इलम नहीं था और मैं बुनियादी बातों में उलझा हुआ था। फिर कहते हैं यह तो मेरी सोच थी और जब पहुंचा तो क्या हुआ कि इस से पहले मुझे इतने अच्छे लोगों में वक़्त गुज़ारने का अवसर ही कभी नहीं मिला। जलसे में हर चीज़ की मंसूबा बंदी की गई थी। सोच क्या थी, अमल क्या देखा। अच्छी मंसूबा बंदी। हर कोई अपने काम पर लगा हुआ था। अज़ीम तंज़ीम और ख़ूबसूरती से शशोभित। कहते हैं ख़लीफ़ा की पहली तक़रीर के बाद मेरा ज़हन साफ़ हो गया था। मैं लोगों का पीछा करता था कि वे कैसे बोलते और क्या कहते थे। उनका एक दूसरे से क्या ताल्लुक़ था। (तजस्सुस था, लोगों के पीछे रहे) कहते हैं मैं ये सब कुछ सुनता और देखता रहा। मैंने अपने मुस्लमान भाईयों मैं ख़ुद को महफ़ूज़ पाया। मैंने महसूस किया कि किसी ने मुझे बुरा नहीं कहा, न ही मुझे हसद या अजनबीयत की आँख से देखा या किसी बात पर मुझे तन्क़ीद का निशाना बनाया। इन समस्त बातों में जो बात मेरे लिए काबिल रशक और मुमताज़ हैसियत रखती है जिसका तजुर्बा मुझे अपनी ज़िंदगी में इस से पूर्व नहीं था वह ख़लीफ़-ए-वक़्त की मुलाक़ात थी लेकिन मुझे सुकून महसूस हुआ जैसे मेरी पीठ से कोई पत्थर गिर गया हो। मैं परेशान था परंतु अब बेफ़िकर हो गया हूँ। मैं संतुष्ट लौट रहा हूँ और निसंदेह इलम से माला-माल नए और अच्छे लोगों से माला-माल हूँ जिनसे मिला हूँ।

बोसनिया से आने वाली एक महिला इंदिरा हैदर (Indira Haidar) साहिबा जो रेडक्रास की सैक्रेटरी हैं कहती हैं। मेरे से मुलाक़ात का वर्णन कर रही हैं कि उनसे मुलाक़ात फ्रैंकफ़र्ट में हुई और बड़ी प्रसन्न रही और इसलिए कि आप अच्छी बातें करते हैं। मुझे ख़लीफ़-ए-वक़्त को सामने से सुनने का अवसर मिला। कहती हैं जमात अहमदिया और ह्यूमैनिटी फ़रस्ट मुख़्तलिफ़ दुशवारियों के बावजूद हमारे मुल्क में जिस इख़लास से ख़िदमत-ए-ख़लक़ के काम को कर रही है यहां आकर मुझे यक़ीन हो गया कि उनके रज़ाकारों में बनीनौ इन्सान की इस क़दर बेलौस ख़िदमत के जज़बा की वजह सिर्फ ख़िलाफ़त है। और हक़ीक़त भी है।

और फिर कहती हैं दुनिया के मुख़्तलिफ़ हिस्सों से मुख़्तलिफ़ इन्सानों को जमाअत अहमदिया ने किस क़दर वहदत की लड़ी में पिरोया हुआ है। मैंने महसूस किया कि इन समस्त बनीनौ इन्सान को एक उम्मत बनाने में और दुनिया को बेहतर बनाने की ख़ातिर अपना किरदार अदा करने के सिलसिले में इस तजुर्बे ने मुझे बाहिम्मत बनने में मेरी समझ को गहरा कर दिया है। इस अवसर ने न सिर्फ मुझे मुस्लमान होने पर फ़ख़र महसूस करने की तक़वियत बख़शी बल्कि मुझे इन्सानी हमदर्दी की कोशिशों और विश्व में होने वाली चर्चा में मज़ीद शामिल होने की तरग़ीब दी।

बोसनिया से आने वाली एक महिला मेहमान अमीना साहिबा हैं। कहती हैं रज़ाकारों की तंज़ीम बहुत अच्छी थी। महिलाओं के हिस्से में अनुवाद के मसले की वजह से हम बाअज़ प्रोग्रामों की पैरवी नहीं कर सके क्योंकि महिलाओं के हिस्से में कोई अनुवाद नहीं था। (जो मैंने शुरू में बात की इस की यह भी तसदीक़ कर रही हैं ख़लीफ़-ए-वक़्त की तक़रीर का अनुवाद मेरे लिए हमारी महिलाओं की ग्रुप लीडर ने किया। ये बात मुझे पसंद आई कि हमेशा प्रोग्राम का आग़ाज़ तिलावत क़ुरआन-ए--करीम और इसके अनुवाद से होता था और कहती हैं मुझे ख़लीफ़-ए-वक़्त की नसीहत कि मुस्लमान अपने आपको ज़्यादा से ज़्यादा तालीम दें और अपने इलम को अमली जामा पहनाएं। यही एक मात्र रास्ता है जिससे उम्मत के मौजूदा हालात बदली जा सकती हैं।

दूसरे दिन फिर अनुवाद में मसला हुआ तो हमारी महिलाओं अनुवाद सुनने के लिए मर्दों के हिस्से में गईं और कहती हैं उस वक़्त (मेरा कहा कि वे महिलाओं के हिस्से में थे) बहरहाल कहती हैं कि जो औरतों का ख़िताब था वह बड़ा सहयोगी था और इस में आँहज़रत सल्लल्लाहोअलैहि वसल्लम के ज़माने की औरतों की मिसालें थीं जो मुझे बड़ी पसंद आएं। फिर कहती हैं इतवार के प्रोग्राम में भी बुनियादी इस्लामी उसूलों और दूसरों के हुक़ूक़ के तहफ़्फ़ुज़ के बारे में बात की। हमें हर चीज़ में बेहतर होना चाहिए उस चीज़ ने मुझ पर बड़ा प्रभाव किया और अगर हम इन्साफ़ करेंगे तभी हम तरक़्क़ी करेंगे और मुआशरे में अमन क़ायम होगा इस बारे में बताया। फिर कहती हैं ये सब बातें जो मैं ले के जा रही हूँ मेरे लिए मार्गदर्शक हैं।

जॉर्जिया से ताल्लुक़ रखने वाली एक महिला लिया (Lia) साहिबा कहती हैं मैं इस वक़्त हॉलैंड में थयालोजी (Theology) और रिलीजीस स्टडीज़ (Religious Studies) मैं मास्टर्ज़ कर रही हूँ। रहने वाली जॉर्जिया की हैं। कहती हैं पहली बार जलसा देखने को मिला। किस तरह छोटे और बड़े ख़ास जाँ-फ़िशानी से अपनी ख़िदमात पेश कर रहे हैं। आलमी बैअत को देखकर जज़बात को कंट्रोल में नहीं लाया जा रहा था। ये जलसे के आख़िरी दिन में एक वादा सबसे लिया जा रहा था कि हम इस्लाम के मुताबिक़ आइन्दा अपनी ज़िंदगी सँवारेंगे। इस बैअत से यह उन्होंने सबक़ सीखा है। कहती हैं मेरे ज़हन में एक अहम बात नक़्श कर गई है कि जमाअत अह-मदिया के ख़लीफ़ा ने क़लमी जिहाद का तसव्वुर हमारे सामने रखा जिसकी मैं सौ फ़ीसद तसदीक़ हूँ।

मुझे बहुत पसंद आया कि औरतों को भी इस्लाम तलक़ीन करता है कि वे इस्लाम की तालीम को फैलाएं। मेरा पुख़्ता ईमान है कि मुस्तक़बिल में दुनिया इस्लाम के बारे में ग़ौर-ओ-फ़िक्र करेगी और उसके ज़रीया लोग अपने ख़ुदा को पहचानने वाले बनेंगे

जॉर्जिया से एक सनी स्कॉलर मिस्टर वैसल (Veisel) आए हुए थे। कहते हैं मैं जॉर्जिया में रहता हूँ। पंद्रह साल की उम्र में मैं ने ईसाइयत छोड़कर इस्लाम क़बूल

किया। इसके बाद तक़रीबन पंद्रह साल मैंने मदीना मुनव्वरा में गुज़ारे, इस्लाम का इलम और अरबी ज़बान मैंने मदीना में सीखी। मेरी पढ़ाई के दौरान मुझे आपकी जमाअत के बारे में मनफ़ी बातें सुनने को मिली थीं कि अहमदी हमें काफ़िर कहते हैं और अहमदियों का अक़ीदा ही मुख़्तलिफ़ है। कहते हैं जॉर्जिया में मैं आपकी जमाअत के मिशनरी से मिला हूँ और जमाअत अहमदिया का परिचय भी मिला है। आपने मुख़्तलिफ़ दिहात में क़ुर्बानी का गोश्त तक़सीम किया। हमसे राबता किया, मदद की। फिर उनके बारे में लिखा है कि उन्होंने जलसे पर आने से पहले जामेअतुल अज़हर से जमाअत के बारे में फ़तवे देखे कि अहमदियों के पास जा रहा हूँ, जामिआ अज़हर क्या कहती है। कहते हैं मैं ने समस्त उम्मते इस्लामिया के जमाअत के बारे में ख़्यालात को पढ़ा। समस्त फतावा देखकर मैं ने यही फ़ैसला किया कि मैं जमाअत अहमदिया को नज़दीक से देखना चाहता हूँ। लोग तो काफ़िर कहते हैं, मैं देखूं ये हैं क्या। फिर जलसे में आकर जमात को क़रीब से देखकर कहने लगे कि जमात अहमदिया यक़ीनन इस्लाम का हिस्सा है। मज़ीद कहते हैं कि मैं ने ख़लीफ़ा के खिताबात को ग़ौर से सुना और इस नतीजा पर पहुंचा हूँ कि आप लोगों को काफ़िर कहना बिल्कुल ग़लत है। आप भी दूसरे फ़िर्क़ों की तरह इस्लाम का एक भाग हैं।

कहते हैं मैं ख़लीफ़ा की बहुत क़दर करता हूँ। मेरे ज़हन में कई सवालात थे जो जलसे के तीन दिनों में मुख़्तलिफ़ नशिस्तों में हल हुए। आपकी जमाअत और आपके संस्थापक के बारे में तफ़सील से बात करने का अवसर मिला। वापस जॉर्जिया जा कर आपकी जमाअत की मुख़्तलिफ़ कुतुब का अध्ययन शुरू करूँगा। मुझे आपसे मिल के ख़ुशी हुई।

फिर कोसोवि से आने वाले मेहमान जो म्यूंसिपाल्टी आफ़ दीकान के आफ़िशल डायरेक्टर आफ़ एजूकेशन हैं। कहते हैं जलसा के दिनों में मैं ने लैक्चर सुने, बातें सीखीं मेरी याददाश्त में हमेशा नक़्श रहेंगी। मैं कोसोवि में अपने दोस्तों और साथियों को इस जलसे के हवाले से बताने के लिए बेचैन हूँ। खासतौर पर मैं ख़लीफ़-ए-वक़्त की वर्णन करदा तालीमात पर अमल करूँगा। मज़ीद बरआँ मैंने और मेरे साथियों ने जो ग़ैरमामूली और मुहब्बत से भरी हुई मेहमान-नवाज़ी का अनुभव किया वह हमारे दिलों में हमेशा रहेगा। अल्लाह आप सबको ढेरों खुशियां दे।

फिर कोसोवो से आने वाले एक मेहमान हैं औ जशारी (Avni Jashari) साहिब लपजान Lipjan म्यूंसिपल्टी के मेयर काबीना के सरबराह हैं। कहते हैं मेरे लिए ग़ैरमामूली और वाक़ई प्रभावित करने वाला अनुभव था। मैंने ख़लीफ़-ए-वक़्त के ख़ताबात और दीगर तक़ारीर को सुना और दिलचस्प और प्रभावित करने वालों का ख़ज़ाना हासिल किया जो हमेशा मेरे साथ रहेगा। कहते हैं इस बात पर-ज़ोर देना चाहता हूँ कि इस तजुर्बे ने मुझ पर गहरा प्रभाव छोड़ा है। कहते हैं मेरे लिए जलसा सालाना इलम की दुनिया में एक ऐसा बाग़ है जो सहयोग और भाई चारे को फ़रोग़ देता है और इस के साथ ही यह एक ऐसा अवसर था जहां आपकी कम्यूनिटी के मिसाली काम और मुसलसल कोशिशों को दिखाया गया कि किस तरह जमात अहमदिया मुआशरे को फ़ायदा पहुंचाने की ख़ातिर मंसूबे बना रही है और इक़दामात कर रही है।

अलीज़ान (Elez Han) कोसोवि के मेयर मिस्टर महमत कहते हैं। इस ग़ैरमामूली जलसे ने मुझ पर एक गहिरा नक़्श छोड़ा और मैं इत्तिहाद अमन और भाई चारे के इस जज़्बे से बहुत मुतास्सिर हुआ हूँ जो इस इजतेमा के हर पहलू पर छाया हुआ था। तक़रीब के दौरान तक़ारीर बहुत उम्दा थीं। खासतौर पर ख़लीफ़-ए-वक़्त की तक़रीर मेरे लिए हैरत-अंगेज़ और ईमान अफ़रोज़ थी। मैं अब इस्लाम को सही अर्थों में समझ चुका हूँ। मुझे इंतेज़ामीया की मेहमान-नवाज़ी की तारीफ़ भी करनी चाहिए और सबने बड़ी अच्छी मेहमान-नवाज़ी की।

ताजाकिस्तान से आने वाले एक दोस्त आरज़ू करीम साहिब हैं। ये दोस्त अरबी और ताजिक ज़बान पर महारत रखते हैं और जामिआ अज़हर से shi हैं। बहुत सी अरबी कुतुब का ताजिक ज़बान में अनुवाद भी कर चुके हैं और कई ताजिक कुतुब के मुसन्निफ़ भी हैं। उन्होंने कहा कि मैं ने जलसे को बहुत ग़ौर से सुना और लोगों को देखा और जमात अहमदिया के इन औसाफ़ का ज़िक्र करूँगा जो कि अब दीगर दीनी जमातों में ख़त्म हो रहे हैं और वो अहमदियों के आला हैं।

(पस हर अहमदी को बहुत आला अख़लाक़ दिखाने चाहिऐं मैंने बहुत से इस्लामी फ़िर्क़ों में तहक़ीक़ की है। अगर बाक़ी सब फ़िरक़े उस वक़्त इस्लाम पर एक फ़ीसद अमल पैरा हैं तो ये जमात इस्लाम की तालीमात पर निनानवे फ़ीसद अमल पैरा है। एक बुक स्टॉल पर मुख़्तलिफ़ ज़बानों में लिटरेचर आपकी तब्लीग़ी काविशों का सबूत है। कहते हैं मैं राबिता रखूँगा और जमात के बारे में मज़ीद जानना चाहूँगा। मैं किसी से नहीं डरता सिवाए ख़ुदा के। और ख़लीफ़-ए-वक़्त से मुलाक़ात भी मुझे बहुत अच्छी लगी। मैं ख़लीफ़-ए-वक़्त की इस बात से सहयोग करूँगा कि असल कमज़ोरी हम लोगों में है और हम हर वक़त हुकूमत और रेजीम (regime) को कोसते रहते हैं। कहते हैं मैं उम्मीद करूँगा कि मेरी दुबारा मुलाक़ात हो और मैं फ़ायदा उठाऊंगा।

ताजिकस्तान के वफ़द में शामिल एक ग़ैर अज़ जमाअत ताजिक दोस्त ने कहा कि ख़लीफ़-ए-वक़्त से मुलाक़ात में ताजिकस्तान के सयासी मसायल और दीनी पाबंदियों पर बहुत सैर हासिल बात हुई। मुझे अच्छा लगा कि उन्हें सारी इन्सानियत की बहुत फ़िक्र है। कहते हैं आने से क़बल मुझे जमाअत अहमदिया के बारे में मनफ़ी ख़बरें दी गई थीं लेकिन मुझे आपकी जमाअत से भाई चारा और इन्सानियत का दरस सीखने का अवसर मिला है।

ताजिकस्तान के एक मुबल्लिग लिखते हैं कि ताजिकस्तान के वफ़द में बहुत मोतरिज़ तबीयत के एक दोस्त शामिल थे। जलसे के पहले दो दिन एतराज़ ही करते रहे। एक एतराज़ करते और जवाब सुने बग़ैर दूसरा एतराज़ कर देते। उनको अपने दोस्तों ने कहा कि हमें मुशाहिदा तो करना चाहिए, देखें, यूंही एतराज़ न किए जाओ। बहरहाल फिर जलसे के दूसरे दिन वफ़ूद की मेरे से मुलाक़ात थी। उनकी भी मुलाक़ात हुई तो मैं ने उनसे ही बात शुरू की और उनका परिचय लिया। मासक पहना हुआ था मैंने कहा उतारें,ज़रा चेहरा दिखाएंगे। काफ़ी तफ़सीली उनसे बातें होती रहीं। बहरहाल मुरब्बी साहिब कहते हैं मुलाक़ात के बाद उन्होंने बड़ी ख़ुशी का इज़हार किया कि मेरी मुलाक़ात ख़लीफ़-ए-वक़्त से हो गई और फिर मुझे दुआएं भी देते रहे और कहते हैं लेकिन अजीब बात है इस के बाद दो दिन उन्होंने कोई भी एतराज़ नहीं किया और अल्लाह तआला के फ़ज़ल से उनका दिल ऐसा साफ़ हुआ कि एतराज़ ख़त्म हो गए

जलसा सालाना में शामिल होने वाले बाअज़ अरब अहबाब के तास्सुरात हैं। एक मेहमान मुहम्मद अली साहिब हैं, सीरिया से उनका ताल्लुक़ है। कहते हैं मेरे एक दोस्त के ज़रीया से मुझे अहमदियत का परिचय हुआ था। मेरा दोस्त मुझे जलसे पर ले के आया मेरा इरादा था कि दिन गुज़ार कर शाम को वापस घर चला जाऊँगा, घर क़रीब ही है क्योंकि यहां जगह आरामदेह नहीं थी। जब मैंने माहौल और तंज़ीम को देखा कि हर शख़्स मुस्कुराता है और बड़ा अच्छा माहौल है गोया एक दूसरे को जानते हैं। कहते हैं ऐसा माहौल मैंने ज़िंदगी में कभी नहीं देखा था। मैंने अपना इरादा बदल दिया और मैंने सोचा कि मैं यहां जलसा पर ज़मीन पर ही सौ जाऊँगा। कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता नीचे मेटर्स बिछी हुई हैं। कहते हैं जलसे के दूसरे ही दिन अहमदियत की सदाक़त मेरे दिल में घर कर गई। मैंने बैअत करने का इरादा कर लिया और अल्लाह तआला ने मुझे उस की तौफ़ीक़ दी। कहते हैं मैं अहमदियों के निज़ाम की पाबंदी, नज़म-ओ-ज़बत का ख़्याल रखना और अदम इंतेशार से बहुत मुतास्सिर हुआ हूँ। हर कोई अपने फ़रायज़ को जानता है चाहे मुंतज़िम मेहमान।

अब्दुर्रहमान इस्माईल साहिब लिखते हैं जलसा सालाना में पहली बार शरीक हुआ हूँ। दुनिया भर में कोई ऐसा गिरोह नहीं जो ऐसा काम करता हो। हाज़िरीन पूरी दुनिया से शामिल हुए लेकिन किसी किस्म की लड़ाई झगड़ा नहीं देखा। आपस में प्यार मुहब्बत और भाई चारे की आला मिसालें देखी। कहते हैं जो तवक़्क़ो की जा रही थी इस से बढ़कर तादाद शामिल हुई और मुझे बहुत इस्तफ़ादा करने की तौफ़ीक़ मिली।

अब्दुल्लाह इज़्ज़त अकीली साहिब मिस्र से हैं, आजकल फ़्रांस में फिज़िक्स में मास्टर्ज़ कर रहे हैं। कहते हैं फिज़िक्स में हर चीज़ को शक की नज़र से देखा जाता है इसलिए हर चीज़ में शक करना मेरी तबीयत का हिस्सा बन गया है। मैंने बैअत तो बहुत अरसा पहले की थी और जमात और ख़िलाफ़त के साथ ताल्लुक़ भी था लेकिन आहिस्ता-आहिस्ता दीगर उमूर के इलावा जमाअत के बारे में भी शकूक पैदा हो गए और मैं जमाअत से दूर होने लगा। कहते हैं इस साल जलसा सालाना जर्मनी में शामिल होने के लिए हाज़िर हुआ तो रजिस्ट्रेशन में कुछ ताख़ीर हो गई (और रजिस्ट्रेशन की शिकायत यही थी कि रजिस्ट्रेशन वक़्त पर नहीं हो रही थी और लोगों को बड़ी दिक़्क़त का सामना था लेकिन बहरहाल उनको इस ताख़ीर ने, लेट होने ने फ़ायदा दिया) वे कहते हैं जब मैं पहुंचा हूँ तो ख़ुतबा शुरू हो चुका था और जब मैं जलसा गाह में दाख़िल हुआ तो ख़ुत्बे के जो अलफ़ाज़ मेरे कानों में पड़े वे ये थे कि अगर इन्सान हर बात पर बदज़नी करने लगे तो शायद एक दिन भी दुनिया में न गुज़ार सके।

यह हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का इक़तेबास में पढ़ रहा था। वह पानी भी न पी सके कि शायद इस में ज़हर मिला दिया हो। बाज़ार की चीज़ें न खा सके कि उनमें हलाक करने वाली कोई शए हो। फिर किस तरह वे ज़िंदा रह सकता है।

(उद्धृत मल्फ़ूज़ात, भाग 3 पृष्ठ 73 एडीशन 1984 ई.) कहते हैं ये शब्द सुनते ही

मैं अंदर से हिल के रह गया। ऐसे लगा कि जैसे मेरा उस वक़्त जलसा-ए-गाह में आना ख़ुदाई तक़दीर थी क्योंकि पहला जुमला ही मेरे मर्ज़ का ईलाज था और जैसे ये मुझे संबोधित कर के कहा जा रहा है। कहते हैं ये कोई इत्तिफ़ाक़ी बात नहीं हो सकती। इस का मेरे दिल पर गहरा प्रभाव हुआ और ख़ुदा तआला के फ़ज़ल से शकूक और बुराई ख़त्म हो गईं। अल्हम्दुलिल्ला कि ख़ुदा तआला ने जलसा सालाना में शमूलियत की बदौलत मुझे शकूक और बदज़नियों से निजात दी। यह वाक़िया उन्होंने मुझे ख़ुद भी सुनाया है।

